आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.11.2025   समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ विधान सभा भवन और ब्रहमाकुमारी शांति शिखर केन्द्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों के विकास के मंत्र पर चल रही है।
- स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान को तीन गिनीज़ वर्ल्ड रिकोर्ड में मिली उपलब्धि पर प्रधानमंत्री ने खुशी जाहिर की। श्री मोदी ने कहा नारी सशक्तिकरण के प्रयासो को मिली नई गति।
- सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर आकाशवाणी श्री विजयपुरम की ओर से जागरूकता बढ़ाने के लिए अंडमान लॉ कॉलेज में सेमिनार का आयोजन किया।
- नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ओपन साइकिल रैली में अंतरराष्ट्रीय साइकलिस्ट देबोरा हेरोल्ड ने ओपन साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ में विधान सभा के नए भवन का उद्घाटन किया और भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि यह भवन राज्य की संस्कृति और विकास का प्रतीक है। इस दौरान उन्होंने 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। उन्होंने श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में बच्चों से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने नवा रायपुर में ब्रह्मकुमारी शांति शिखर केंद्र का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा राष्ट्र की प्रगति उसके राज्यों के विकास से जुड़ी है और सरकार इस मंत्र से निर्देशित होकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रयास में ब्रहमाकुमारी जैसे संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह संस्थान अल्प संवाद और अधिक सेवा में विश्वास रखता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत बनाए गए तीन गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड खिताबों की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के जन आंदोलन महिला सशक्तिकरण के प्रयासों

को नई गति देते हैं और नारी शक्ति के जीवन में परिवर्तनकारी प्रभाव डालते हैं। "यह अत्यंत प्रशंसनीय है! ऐसे जन आंदोलन हमारे महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को बल देते हैं और नारी शक्ति के जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव डालते हैं।"

<><><><><><><>

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन – ई पी एफ ओ मात्र एक कोष नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा में भारत के कार्यबल के विश्वास का प्रतिनिधित्व करता है। नई दिल्ली में ईपीएफओ के तिहत्तरवें स्थापना दिवस पर श्री मांडविया ने देश के कार्यबल के सामाजिक और वित्तीय कल्याण को सुनिश्चित करने में ईपीएफओ की ऐतिहासिक भूमिका की सराहना की। उन्होंने संगठन से नए उद्देश्य और दूरदर्शिता के साथ नागरिक–केंद्रित सेवा करने का भी आग्रह किया। डॉ. मांडविया ने कर्मचारी नामांकन योजना 2025 का भी शुभारंभ किया। इस योजना का उद्देश्य नियोक्ताओं को स्वेच्छा से पात्र कर्मचारियों की घोषणा और नामांकन के लिए प्रोत्साहित करना है।

<><><><><><><>

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर आकाशवाणी श्री विजयपुरम ने आज अंडमान लॉ कॉलेज में "सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में अंडमान एवं निकोबार बार एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट राकेश पाल गोबिंद, एन सी पी सी आर और राइट फॉर ऑल एन जी ओ की संस्थापक एवं अध्यक्ष रुबीना सिद्दीकी और अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी वी नागेंद्रशर्मा ने व्याख्यान दिए। इस अवसर पर आकाशवाणी श्री विजयपुरम के उप महानिदेशक सी सुब्बा राव और कार्यक्रम प्रमुख मीना प्रकाश ने भी अपने विचार साझा किए।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा अंडमान एवं निकोबार प्रशासन संयुक्त रूप से चार नवम्बर को द्वीपसमूह में भूकंप एवं सुनामी पर अंतर–राज्यीय मॉक अभ्यास आयोजित करेंगे। इस अभ्यास में सभी आपातकालीन सहायता पदाधिकारी, इंसीडेंट रेस्पॉन्स टीम और स्थानीय समुदाय की भागीदारी होगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे भूकंप और सुनामी से संबंधित दिशा–निर्देशों का पालन करें।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में चार नवम्बर को होने वाले अंतर–राज्यीय भूकंप और सुनामी मॉक अभ्यास के तहत आज आपदा प्रबंधन भवन में राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र के अधिकारियों के लिए

प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में कई विभागों के अधिकारी शामिल हुए। प्रशिक्षण में आपातकालीन प्रबंधन के अन्य पहलुओं पर जोर दिया गया। आपदा प्रबंधन सचिव पूर्वा गर्ग ने तैयारियों की समीक्षा की।

दक्षिण अंडमान के जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आज सुबह दस बजे उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव ने की। बैठक का उद्देश्य 4 नवंबर को अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में होने वाले राज्य स्तरीय आपदा तैयारी मॉक एक्सरसाइज के बारे में सभी हितधारकों को जागरूक करना था।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के खेल निदेशालय द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत ओपन साइकिल रैली का आयोजन आज सुबह छह बजे नेताजी स्टेडियम से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि द्वीपसमूह की प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय साइकिलिस्ट एवं ए एस आई देबोरा हेरॉल्ड रहीं। रैली का मार्ग नेताजी स्टेडियम मुख्य द्वार से चाथम चौक तक और वहीं से वापसी का रहा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगर पालिका द्वारा नगर राजस्व बढ़ाने और नागरिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक नवम्बर को हड्डो कम्युनिटी हॉल और रात्रि निवास, वार्ड संख्या 01 में विशेष कर संग्रह अभियान आयोजित किया गया। अभियान को नागरिकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली और कुल दो लाख बावन हजार अठत्तर रुपये की नगर पालिका कर राशि एकत्र की गई। अगला विशेष कर संग्रह अभियान उपरोक्त दोनों स्थानों पर पुनः शनिवार को वार्ड संख्या 02 में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत विम्बर्लीगंज की ग्राम सभा बैठक 6 नवंबर पंचायत हॉल, विम्बर्लीगंज में आयोजित की जाएगी। सभी ग्राम सभा सदस्यों और संबंधित विभागों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित होकर अपनी योजना एवं गतिविधियाँ प्रस्तुत करें।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा, दक्षिण अंडमान के ब्लॉक परियोजना अधिकारी के तत्वावधान में पहली ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग समावेशी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 3 और 4 नवम्बर को भातूबस्ती स्कूल मैदान में किया

जाएगा। निदेशक विक्रम सिंह तीन नवम्बर को प्रतियोगिता का शुभारम्भ करेंगे। कार्यक्रम का समापन शिक्षा निदेशालय के मुख्य अधिकारी ज्ञानशील दुबे द्वारा किया जाएगा।

**<><><><><><><>**

अंडमान एवं निकोबार राज्य टेबल टेनिस संघ के सहयोग से जिला टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन 8 और 9 नवम्बर को श्री विजयपुरम में किया जाएगा। प्रतियोगिता में सीनियर, जूनियर और सब–जूनियर वर्गों के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। इच्छुक खिलाड़ी और टीमें अपनी प्रविष्टियाँ 7 नवम्बर को शाम 5 बजे तक गूगल फॉर्म के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**